If this is the position what about the growth? The Plan claimed that there would be an average overall growth rate of five per cent It also claimed that during the first two years of the Seventh Plan it was almost around 4.9 per cent. And this year most of the economists who had gathered in Delhi to have a mid-term assessment of the Plan were almost unanimous that the growth rate for the current year may be anywhere not more than 2.5 per cent The estimates from different economists were between 1.5 per cent and 2.5 per cent Economists like Dr. Malcolm Adiseshaiah, Prof. Brahmanand, Dr R. C. Dutt and so on and so forth participated in it All of them were almost unanimous that whatever may be the claims and counter-claims, the growth rate for the current year will not be more than 2.5 per cent Therefore, assuming that in the next two years, they will be able to improve, even then the average growth rate may be around 4.3 per cent and the trend growth rate would not be more than 3.7 per cent. That means the much talked about 'Hindu growth rate' is, perhaps, being maintained by this Plan and by the present Government also Rajkrishna had coined that term 'Hindu growth rate' The overall trend growth rate for the Seventh Plan would be 3.7 per cent. That means we are still grazing around the 'Hindu growth rate' Malcolm Adiseshiah tried to look as to why there had been a fall in the growth rate. He said that in the first two years there was a lower inflationary rate. But that was a misleading lower inflationary rate because of two reasons. He attributed this to the lack of the purchasing power of the people who belonged to weaker section, more particularly, the larger sections of the people was low and there was therefore, no effective control on the inflationary effect in the country. Therefore, it was apparently a low inflationary rate.

Secondly, he has also said that there was a lot of black money operation. I think about black money operation, nobody questioned, everybody has accepted. Therefore, the amount of black money which is now dictating terms in terms of inflation, in terms of prices, in terms of economy is unimagineable. Therefore, that is one of the reasons why there was tending to be a lower inflationary rate. He has also said that because of the flight of the capital this lower rate of inflation has occurred. This flight of the capital is something which is very sensitive for this Government. The whole question arose because there was flight of capital and the flight of capital was taking place from the genuine sources of the Indian economy to the foreign banks. And, therefore, certain names were comigg forth and if that was investigated, this Government became so sensitive and appoints a Commission and the Commission's terms were such that it is only interested in finding faults with the officials who did their work efficiently or a Minister who was trying to clinch the matters. I think the less said the better about it. But there has been a flight of capital and even the Government after all this has to accept when they have to investigate about a particular case of Shri Ajitabh Bachhchan and that they will not impound the passport etc., because he is supposed to be cooperating with the Government. The problem is we have to appreeciate the cooperation of those who are considered to have been FERA violators If an enquiry was instituted there must have ben *prima facie* case for FERA violation. But still we would be satisfied if he says "I will cooperate with you." But if the same cooperation is forthcoming from somebody else the Government won't accept it. This is the state of affairs in which we are placed.

[Prof. C. Lakshmanna]

Then, I was talking about the growth rate. What about the agricultural growth rate? What was the stipulated growth rate? It is 4 per cent. By any stretch of imagination 4 per cent growth rate of agricultural produce cannot be there. One important segment of contribution for this was through foodgrains. In the year 1984-85 we had reached an all time foodgrains production of 153 million tonnes. But subsequently it fell down to 149 million tonnes. We have never been able to go beyond that. This is what has been achieved. This is not what has been the target. Therefore, the growth rate has to be considered not only in terms of what has been achieved over a period of time before the commencement of this Plan but also what was targeted. If you take both into consideration and the likely fall in the production of foodgrains this year, the 4 per cent growth rate in agricultural production can never be attained. But still we are being assured that 4 per cent growth rate will be there at the end of the Plan. Now actually the same economists have stated that the growth rate is likely to be 3 or 4 per cent and the growth rate of foodgrains alone sometimes estimated to be minus eight to minus nine per cent. So this is the position. With regard to this only, Prof. Brahmanand cautioned the country as to what has to be done. In industrial growth rate, we hope to attain 8 per cent and it was even claimed in the first two years, it went up to 8.8 per cent. From third year it will not be more than 6.1 per cent or 6.2 per cent, especially in the manufacturing sector, about 6.1 per cent which was in 1985-86 has come down to 5.1 per cent in the year 1987-88 on the basis of 1970-71 year as the base and if you take subsequent years as the base, perhaps even this will not be the case. Now, I would like to state that there are two facts about the growth rate. One is, there is a recession in the economy. I would like to warn this country and this Government that they should not be complacent that there is no possibility of recession in this country. If you look at U.S.A. where there is acute recession today, what are the three factors which are contributing towards this recession? The disparity in income, inequality in incomes between the highest and the lowest, this has been one factor. One section is interested in speculation; one section is interested in binding Another section is not able to get even the minimum. They are unable to make their both ends meet. That is the situation. Secondly, there has been imbalance in the balance of payments position Even the economy like U.S.A. today is under the pressure of balance of payments especially with regard to Yen and Mark. There is imbalance of payments position. Both these countries have gained such an upper hand that there is an imbalance in the balance of payments position. Thirdly, there has been an increasing debt even in U.S.A. One estimate is that debt in U.S.A is equivalent to the debt position of Argentina, Brazil and one more country put to together in Latin America. This is the reason why there has been an acute recession in U.S.A. Can we say with confidence that all these three factors which have contributed to recession there do not exist in India? Disparity in income between the rich and the poor is more in India. The balance of payments position has been no better because what was estimated to be exports and what was estimated to be imports, there has been imbalance even though we have been making efforts to improve exports; we have not been able to curb imports. One estimate is that whatever was estimated to be the import for the entire Plan was only done in the first two years. Now we have got necessary imports, necessary evil of imports namely, edible oils and pulses and so on and so forth. Therefore, with this type of import bill and not very encouraging export bill, the balance of payments position is not very secure The economy is in doldrums. Therefore, there is every possibility of great recession in this country if

ou do not take adequate steps right the beginning.

Now I will come to investment. here is bound to be a fall in the in-stment. This has been the verdict most of the economists. Why? It s based on certain sound arguments. irstly, the non-Plan expenditure has gone up as a result of drought and loods in the country and secondly, ·ise in Government expenditure and hirdly, staggering tax structure. Finally, the public sector deposits are not able to contribute their profits. But I would like to add one more and that is unless you make the workers, the managers, the persons who are toiling in the public sector participate in the management, unless he is made to realise that he has to contribute ·nd what is being contributed is loughed back into the production process, unless he is made to realise that he is contributing to the economy of the country, unless this awakening comes in the worker, in the manager and so on and so forth, in the public sector, whatever may be the efforts made, they will not succeed One of the solutions for the problem of the public sector would be, to a great extent, the participation of workers. Now, I will come to the last two points.

The Vice-Chairman, (Shri Jagesh Desai in the Chair)

Mr. Vice-Chairman, there had been a growing deficit in the budget I had an occasion to say, while I was participating in the budget debate in this House, that King Canute cannot solve the problems. Canute, in logic, has worked in this country. The Prime Minister stated that he would not allow the deficit to increase from Rs. 5,688 crores. But taking into account the external loans and debts for which we are going, taking into account the internal debt through bonds, with nine per cent interest etc., and taking into account the fiscal policy that is being followed, this Appropriation Bill and similar bills of its kind, there is the possibiity of the deficit growing by at least Rs. 1000/- crores. Sir, the receipts in 1986-87 and 1987-88 will be approximately the same. It was Rs. 101,401 crores in 1986-87 It will be about Rs. 106,424 crores in 1987-88. Look at the disbursements. You look at the expenditure. There are three items of expenditure. One is development expenditure In 1986-87 it was Rs. 64,789 crores and this year it is likely to be Rs. 64,922 crores. The second is non-developmental expenditure. It was Rs. 34,116 crores. In the present year it is likely to be Rs. 39,522. Assuming that the other expenditure would be the same—last year it was Rs. 2496 crores and in the previous years it was Rs 2014 or 2106 crores and so on and so forth—the deficit is going to be almost about Rs. 1200 or Rs. 1300 crores. That means, by any stretch of imagination, it is going to be more than what the Prime Minister said, fifty-eight something. Our experience also shows that. In the previous year, there had been a jump in the deficit from three thousand odd to almost eight thousand odd. If that is the case, as I have already pointed out, the possibility of the deficit going up is very high. Even if an economic pandit tells one that we will be able to have the same deficit, one cannot believe it. The Prime Minister said we would minimise expenditure and so and so forth. But, on the other hand, there has been additional expenditure on drought. It was estimated to be Rs. 2000 crores all put together. In the name of drought this Government is trying to hoodwink people. It wants to make it Rs. 3000 crores and tell the people it has been able to maintain the deficit. They cannot have more taxes. I will tell you why. As early as on the last day of the last session, the approval of Parliament was sought to raise the fares of first class etc. in trains and also in airlines. Today it is 10th December 1987. If I am not incorrect, there has been no rise in the fare of airlines. Why? What is the reason? Having sought approval of Parliament—Parliament gave the approval, though grudgingly—why have you not

4.00 P.M.

[Prof. C. Lakshmanna]

implemented it? It means, even if the Government wants, it will not be able to do it On the other hand, some of the concessions given in the name of liberalisation of economy, in the name of giving a spurt to the economic activity and industrial activity, are going against the very spirit of this country's economy. Therefore, taking an overall picture of all these things I warn this Government that we are marching into a deficit syndrome, we are marching into the debt trap which the World Bank is trying to lay before us. The other day the World Bank was saying, "India has not yet reached the debt trap." It means either it wants India to fall into the debt trap or it knows India is falling into the debt trap but has not yet come to that. Either way it is a warning and it is a warning which should be well taken by any well-meaning Government. I hope Government will heed the warning and do something on all these fronts so that the economy can be put back on the rails I am pretty certain that this Government is not capable of doing it. I am pretty certain that it will not be able to take any decision because, in the name of working faster, indecision has been the motto of this Government. The only solution to this situation is the Government should resign and ask for a mid-term poll and give the people a choice to exercise their will afresh.

श्री राजनाथ राय (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, सरकार ने जो यह विनियोग (संख्यांक 5) विधेयक, 1987 यहां प्रस्तुत किया है, उसका मैं समर्थन करता हूं। हमारे देश ने पिछले 40 वर्ष में विकास-शील देशों के बीच बहुत विकास किया है। लेकिन सरकार से मेरा निवेदन यह है कि अर्थव्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए सरकार को कृषि के क्षेत्र में, ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ज्यादा प्राथमिकता देनी चाहिए और सरकार को अधिकाश पैसा भारत के कृषि विकास और ग्रामीण के ऊपर खर्च करना चाहिए।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदया, हम ने सातवीं योजना का मसविदा जब स्वीक हुआ तो उस समय देश की नेता श्रीम इंदिरा गांधी ने भी योजना की उपलब्धि पर जोर दिया था। सातवीं योजना की प्रस्ता में आप देखें—छठी पचवर्षीय योजना के प्राक्कलन में, इंदिरा जी ने हम लोगों को याद दिलाया था कि किसी योजना का माप य कसौटी, उद्देश्य या आशय होकर उपलब्धि होता है, आवंट ना होकर लाभ होता है। यह सातवीं योजना के संदर्भ में भी उतना ही सार्थक है जितना वह पिछली योजनाओं के संदर्भ में है। इस प्रकार सातवीं योजना का प्रभाव इस बात पर निर्भर होगा कि हम कितने निश्चय और कितनी गंभीरता से उसका कार्यान्वयन करते है। सातवीं योजना के दस्तावेज में ऐसे अनेक क्षेत्र दिए गए हैं, जिनमें हमें अ ने पिछले कामकाज के मुकाबले काफी सुधार करना होगा। योजना के लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए यह अनिवार्य है। यहां पर इन समस्या क्षेत्रों पर विस्तार से विचार-विमर्श करना संभव नहीं है। तथापि, क्योंकि योजना की सफलता के लिए इनमें से कुछ समस्याओं के उपयुक्त प्रभावशाली समाधान निकालना जरूरी है, कुछ प्रमुख समस्या क्षेत्रों का संक्षेप में हवाला देना उचित होगा।

सबसे पहले योजना के वृषि लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कृषि उधार प्रणाली को पुनःस्थापित करना और नई शक्ति प्रदान करना जरूरी होगा। कृषि की निवेश आवश्यकताओं को कृषि उधार प्रणाली द्वारा पर्याप्त रूप से वित्त पोषित किया जा सके इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि अतिदेय यानी "ओवर-ड्यू" की बढ़ती राशियों पर कड़ाई से नियंत्रण किया जाय। दूसरे, कृषि और ग्रामीण प्रशासन की गुणवत्ता में काफी सुधार जरूरी है। अगर हमें कृषि के क्षेत्र में वैज्ञानिक भावनाको स्थापित करना है तो सरकारी आधारभूत स्तर के प्रशासन के तकनीकी ज्ञान और कौशल को बहुत अधिक सुधारना होगा। जिला और ब्लाक स्तर पर योजना कार्य की जड़े अभी मजबूत नहीं हो पायी है। जिला स्तर, ब्लाक स्तर, ग्राम स्तर पर योजना कार्य को प्रभावी

बढ़ाए बिना गरीबी उन्मूलन के विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए धनराशि के अत्यधिक प्रवाह का प्रभाव सीमित ही रह पाएगा। तीसरे, हमें परिवार कल्याण कार्यक्रम को न केवल मूल कार्य नीति बल्कि उसकी वैश्विक वस्तु को भी नए नजरिए से देखना होगा ताकि जनसंख्या की वृद्धि दर में और अधिक तेजी से कमी आ सके। चौथे, केन्द्र और राज्यों—दोनों ही जगह सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की उत्पादकता, दक्षता और आन्तरिक संसाधनों के सृजन में बड़े सुधार लाने होंगे। गहन पूंजीगत उद्यमों में आन्तरिक संसाधनों का सृजन विशेष रूप से कमजोर है और यह बात खासतौर पर बिजली, कोयला इस्पात, परिवहन और उर्वरकों जैसे क्षेत्रक में बहुत स्पष्ट है। संग्रह की प्रक्रिया में, सार्वजनिक क्षेत्र अपनी कुशल भूमिका निभाने योग्य हो, इसके लिए नई प्रशासनिक संरचनाएं और प्रबन्ध की नई संकल्पनाएं आवश्यक हैं। राष्ट्रीय विकास के सभी चरणों में लोगों की सार्थक सहभागिता प्राप्त करने के लिए हमें प्रभावी उपाय करने आवश्यक हैं। राष्ट्रीय निर्माण के कार्यकलापों में लोगों की शक्तियों को जुटाने के लिए हमें पंचायती राज संस्थाओं की संभाव्य क्षमताओं को पूरी तरह प्रयोग में लाना चाहिए इसके साथ साथ, हमें विकास कार्यों में संलग्न स्वयंसेवी संगठनों द्वारा प्रस्तुत सृजनात्मक संभाव्य क्षमताओं का भी पूरी तरह उपयोग करना आवश्यक है।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे देश में योजना, राष्ट्र के मूल लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने का एक उपकरण है। महात्मा गांधी का स्वप्न था कि अपने देश के प्रत्येक और हरेक व्यक्ति की आखों के आंसुओं को पोंछा जाये। योजनागत विकास के रास्ते पर चलने की शुरूआत में हमारे देश ने जो बड़ी प्रगति की है उस पर गर्व करना हमारे लिए उचित ही है। परन्तु अभी भी काफी बड़ी संख्या में ऐसे लोग है जिनकी आंखें गीली है। इसलिए हमारा काम स्पष्ट है। हमें पहले से भी कहीं अधिक गहन अभियान गरीबी के विरुद्ध शुरू करना है। हाल के अनुभवों से पता चलता है कि आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी की शक्तियों के उपयोग से अब पहले की अपेक्षा यह सुनिश्चित करना अधिक संभव है कि अधिकांश मानव जाति का चिरकाल तक गरीब बने रहना अपरिहार्य नहीं रह गया है। गरीबी हटाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। परन्तु यह नहीं मान लिया जाना चाहिए कि विकास मुफ्त भोजन के समान है। रहन सहन का स्तर उच्च उत्पादकता के मामले से जुड़ा हुआ है। इसके लिए [illegible] होता। अवश्य [illegible] जुटाने और [illegible] तथा सामाजिक विकास की गति को [illegible] रखने के लिए सख्त निर्णय जरूरी होंगे। इसके साथ ही हमें कई संरचनाओं नए दृष्टिकोणों, नई नैतिकता सहित जरूरत है। आप चाहें तो कह सकते है कि ऐसी सांस्कृतिक क्रांति हमें लानी होगी, जिसमें राष्ट्रीय लक्ष्यों के प्रति समर्पण, प्रतिबद्धता हो, उत्कृष्टता की खोज पर बल हो ताकि हम दुर्लभ राष्ट्रीय संसाधनों का अच्छे-से-अच्छा संभव उपयोग कर सकें। हमारा काम आसान नहीं है। अनेक चुनौतियां और अनिश्चितताएं हमारे सामने है। परन्तु हमारे देश में अत्यन्त नम्रता, लचीलापन और शक्ति विद्यमान है। इसने अतीत में अनेक तूफानों से टक्कर ली है। अपनी जनता की प्रकृति और आवश्यकताओं के अनुसार उपयुक्त विकास के स्वायत्त मार्ग को खोज निकालने के संकल्प में हमारा राष्ट्र कृत-निश्चय है। सातवीं योजना, अभाव की चिंता और शोषण से मुक्त नवीन भारत के निर्माण के लिये एक विशद राष्ट्रीय प्रयास की छवि प्रस्तुत करती है। इसके उद्देश्य, कार्यनीतियां तथा कार्यक्रम इस तरह से तैयार किए गए है कि वे राष्ट्र के सदा से सजोए लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक सिद्ध हों। यह योजना प्रगति, समृद्धि, सामाजिक न्याय और आत्मनिर्भरता के रास्ते पर अधिकाधिक तेज गति से आगे बढ़ाने के लिए भारतीय जनता की सामाजिक आकांक्षा की एक अभिव्यक्ति है। मुझे विश्वास है कि राष्ट्रीय एकता और अनुशासन की भावना से मार्ग दर्शन प्राप्त करके हमारे सभी लोग इस योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए पूरी तत्परता, उत्कृष्टता और गंभीरता से काम करेंगे।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, सबसे बड़ी बात यह है कि हमारा विकास बहुत हुआ है, लेकिन सरकार को इस परिवार नियोजन के कार्यक्रम को युद्ध-

[श्री कल्पनाथ राय]

स्तर पर लागू करना होगा। जब एक परिवार-नियोजन को राष्ट्रीय जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य नहीं बताया जाएगा हम जो भी विकास करेंगे, वह कम दिखाई देगा। उपाध्यक्ष महोदय, यह कितने दुख की बात है कि विरोधी दलों के नेता जो हमेशा सदन में उठते-बैठते, सोते-जागते, दिन रात केवल सरकार की उपलब्धियों की आलोचना करते है, उनके मन मे राष्ट्र और समाज के समस्याओं का कोई स्पष्ट हल नही है और वे स्वस्थ आलोचना नही करते, बल्कि मध्यावधि चुनाव करा दो, या सरकार इस्तीफा दे दे, इसी प्रकार के अनर्गल प्रलाप किया करते है। इस पर गंभीरतापूर्वक विचार करने की जरूरत है। जब हिन्दुस्तान आजाद हुआ, तो यहां की आबादी 35 करोड थी और यह चीथड़ो में लिपटा हुआ था। यह उस समय नंगा, भूखा और कंगाल हिन्दुस्तान था। आज आजादी के 40 वर्षो में हमारा हिन्दुस्तान न नंगा है, न भूखा है और न ही कंगाल है। आज हिन्दुस्तान ने बड़ी प्रगति की है। जितनी प्रगति होनी चाहिये थी, उतनी तो नही हुई है, यह हम मानते है, लेकिन हम ने जन-तांत्रिक माध्यम से समाजवादी समाज की स्थापना का संकल्प किया है। एशिया और अफ्रीका के जितने देश हैं, उन सब मे हिन्दुस्तान ही एक ऐसा देश है, जिसने जन-तांत्रिक तरीके से पिछले 40 वर्ष में इतनी प्रगति की है। आज हिन्दुस्तान दुनिया की छठी एटामिक पावर है। आज हिन्दुस्तान दुनिया की छठी स्पेस पावर है। आज हिन्दस्तान दुनिया का तीसरे नम्बर का टैक्नीकल-नो-हाऊ वाली पावर है। आज हिन्दुस्तान दुनिया का चौथे नम्बर का फर्टिलाइजर टैक्नोलाजी जानने वाला देश है। आज हिन्दुस्तान दुनिया का आठवां इण्डस्ट्रीयल पावर है। आज हिन्दुस्तान दुनिया का छठा एग्रीकल्चरल पावर है। आज हिन्दुस्तान एक शक्तिशाली भारत बन चुका है, लेकिन जनसंख्या के कारण, बढ़ती हुई आबादी के कारण विकास का शिशु पन नही पाता। जनसख्या के राक्षस ने विकास के शिशु को दबोच दिया है। जब तक जनसंख्या पर सरकार नियंत्रण करने के लिये युद्ध-स्तर पर कोशिश नही करेगी, हमारी उपलब्धियां नजर नही आयेगी। आठवीं पंचवर्षीय योजना जो सरकार बनाने जा रही है, मैं सरकार से निवेदन करूगा कि उस मे आठवी पंचवर्षीय योजना का सब से बड़ा लक्ष्य जनसख्या पर नियंत्रण होना चाहिये। विनियोग विश्लेषक के माध्यम से इस पर बोलते हुए मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हू कि आज बाढ़ और सुखाड़ दो हिन्दुस्तान की ऐसी समस्याये है, जिन पर नियंत्रण स्थापित करने के लिये सरकार को अपनी आठवी पचवर्षीय योजना मे प्रथमिकता देनी होणी। आज हमारा उत्पादन घट रहा है। देश के कुछ इलाके में बाढ़ है और देश के कुछ इलाके मे सुखाड़ है। सुखाड़ और बाढ के कारण आज पूरे देश की अर्थ-व्यवस्था नष्ट हो रही है। हिन्दुस्तान की अर्थ व्यवस्था का मूल आधार कृषि है, ग्रामीण विकास है और कृषि का उत्पादन तब तक नही बढ़ सकता, जब तक बाढ़ और सुखाड़ की समस्या पर हम गम्भीरता से विचार नही करेगे। हिन्दुस्तान मे 1160 मिलीमीटर रेनफाल होती है और इसका आधे से ज्यादा पानी नष्ट हो जाता है। आधे पानी को, लगभग 40 प्रतिशत पानी को हम इस्तेमाल कर पाते है। वह पानी वही बाढ़ के रूप मे हमारी फसल को नष्ट करता है और कही सुखाड़ के रूप मे हमारी फसल नष्ट हो जाती है। मै निवेदन करना चाहता हूं कि पहले खेती करने के लिये किसान को हल और बैल का इस्तेमाल करना पडता था। वह कुवे से पानी निकाल लेता था। अपने गाय, बैल और भैस के गोबर का इस्तेमाल फर्टिलाइजर के रूप में कर लेता था, अपने बैलों से खेतों को जोत लेता था और इस तरह से उत्पादन होता था और यही सब चीजे किसान का आधार थी। लेकिन वर्तमान सदर्भ मे कृषि का काम बिल्कुल बदल गया है। आज जिसको-

खेती का काम करना है, उसको अपने खेतों में ट्रेक्टर का इस्तेमाल करना पड़ता है, पेस्टीसाइड और इंसेक्टिसाइड का इस्तेमाल करना पड़ता है, आज किसान को फर्टिलाइजर का इस्तेमाल करना पड़ता है और उसे अपनी खेती में काफी पैसा लगाना पड़ता है । वह अब पुराने तरीके से खेती नहीं कर सकता । अगर बाढ़ आयेगी, तो जो फर्टिलाइजर कर्ज लेकर किसान ने इस्तेमाल किया है, जो पेस्टीसाइड इस्तेमाल किया है, जो कोआपरेटिव बैंक से कर्ज ले कर ट्रेक्टर का इस्तेमाल किया है, वह सब फसल नष्ट हो जाने से नष्ट हो जाता है और बाढ़ आने से किसान कर्जदार बन जाता है । वही हालत सुखाड़ की है । अगर कर्ज लेकर किसान ने खेती में पैसा लगाया है और सूखा पड़ गया, उसकी फसल नष्ट हो गयी, तो वह बर्बाद हो जाता है । भारत सरकार से मेरा निवेदन है कि यदि हिन्दुस्तान के सात लाख गांवों की सर्वे कराया जाये तो मालूम होगा कि आज हिन्दुस्तान के 90 परसेंट किसान कर्जदार हैं, क्योंकि खेती बिना पूंजी के, बिना पैसे के नहीं हो सकती । आज खेतों की जो पैदावार है, उसका उचित मूल्य भी किसानों को नहीं मिल रहा है । इसके कारण किसान अपने गांव छोड़ कर शहरों की तरफ भाग रहे हैं । अगर सरकार पूरे देश का सर्वे कराये तो मालूम होगा कि आज शहरों की तरफ भारी संख्या में लोग भाग रहे हैं और दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता और मद्रास जैसे बड़े शहरों में जा रहे हैं, क्योंकि वहां पर आसान जिन्दगी जीने का सुअवसर मिलता है । ग्रामीण इलाके उजड़ रहे हैं, ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था चौपट हो रही है, क्योंकि कृषि के ऊपर जो खर्च होता है, वह भी उनको नहीं मिल पाता है ।

श्रीमन्, आजादी की लड़ाई के समय महात्मा गांधी जी ने कहा था कि गांवों की तरफ चलो । इसीलिये कहा था कि हिन्दुस्तान गांवों में बसता है । जब तक गांवों का सर्वांगीण विकास नहीं होगा, तब तक हमारी आजादी सार्थक नहीं होगी । हमारे देश का विकास तो हुआ है, लेकिन हमारे यहां की सारी दौलत कुछ मुट्ठी भर लोगों के हाथ में केन्द्रित हो रही है । किसानों के खेतों में पैदा होने वाली चीजों के दाम उनको ठीक से नहीं दिये जा रहे हैं, लेकिन कारखाने में पैदा होने वाली चीजों के दाम बढ़ते जा रहे हैं । हमारी सरकार को दाम बांधो नीति अख्तियार करनी पड़ेगी, खेतों और कारखानों में पैदा होने वाली चीजों के दामों को निर्धारित करना पड़ेगा । जब तक सरकार इन दामों को समय-बद्ध कार्यक्रम के अनुसार नहीं करेंगी, तब तक गांव उजड़ते रहेंगे, खेती उजड़ती रहेगी, किसान गांव छोड़कर भागते ही रहेंगे । हिन्दुस्तान की अर्थ-व्यवस्था का मूल आधार कृषि है, एग्रिकल्चर है, हिन्दुस्तान की अर्थ-व्यवस्था का मूल आधार हिन्दुस्तान के गांव हैं ? यूरोप की अर्थ-व्यवस्था का मूल आधार शहरीकरण है, औद्योगीकरण है । पूरे यूरोप की सभ्यता शहरीकरण के ऊपर आधारित है । पूरे यूरोप का विकास औद्योगिकरण के बाद हुआ है । 16वीं शताब्दी के बाद हुआ है, लेकिन हिन्दुस्तान का विकास कृषि पर निर्भर करता है । हिन्दुस्तान की अर्थ-व्यवस्था खेती पर निर्भर करती है । गांवों के विकास पर निर्भर करती है । इसलिये सरकार को अपने दृष्टिकोण में भारी परिवर्तन करना पड़ेगा ।

श्रीमन्, पहली पंचवर्षीय योजना से लेकर सातवीं पंचवर्षीय योजना तक हमने प्लान तरीके से हिन्दुस्तान का विकास किया, हिन्दुस्तान ने भारी तरक्की की, हिन्दुस्तान ने विकास किया । इस विकास को हम कम नहीं कह सकते, लेकिन आजादी की लड़ाई के दौरान जो महात्मा गांधी ने कहा था कि गांवों का विकास होना चाहिये, वह हम नहीं कर सके । इसीलिये लोग गांवों को छोड़कर शहरों की तरफ भाग रहे हैं और शहरों की जनसंख्या बढ़ती जा रही है । शहरों के लोग गांवों

[श्री कल्पनाथ राय]

की तरफ नहीं भा रहे हैं। जाहिर है कि शहरों में सुख-सुविधायें ज्यादा हैं, आमदनी ज्यादा है, साधन ज्यादा है, लेकिन गावों में वे उपलब्ध नहीं हो रहे हैं।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हमें यूरोप के विकास को मद्देनजर रखते हुए हिन्दुस्तान की अर्थ-व्यवस्था के ऊपर गम्भीरता से विचार करना होगा। आज कांग्रेस पार्टी का कोई विकल्प नहीं है, आज राजीव गांधी का कोई विकल्प नहीं है, मगर हिन्दुस्तान की जो डिस्टेबिलाइजेशन की फोर्सेज हैं, अस्थिरता की ताकतें हैं, वह आज हिन्दुस्तान को खत्म करना चाहती है, वे हिन्दुस्तान में बलवा करना चाहती हैं। छोटे-छोटे झगड़ों में बटे हुए विरोधी दलों के लोग जिनके पास न कोई कार्यक्रम है, न नीति है, न कोई सिद्धान्त है, न विकल्प प्रस्तुत करने की क्षमता है, उनके माध्यम से मुल्क में अनार्की हो आ सकती है। वे मुल्क में ऐसा वातावरण पैदा करना चाहते हैं, जिससे हमारे विकास की जो गति है, वह धीमी पड़ जाये।

The alternative to Congress is anarchy. The alternative to Rajiv Gandhi's leadership is chaos and confusion

आज हिन्दुस्तान में कोई विकल्प नहीं है। जो भी हमारे विकास की गति है, उससे हम खुश नहीं है, उसको हम तेज करना चाहते हैं। जिस विकास को हम अपने 'लाड तरीके से करना चाहते थे, एक बार इस मुल्क के अन्दर कांग्रेस सत्ता से हटी, ढाई, तीन वर्ष के लिये उस समय जनता पार्टी नाम की चीज आई थी। वे तीन वर्ष तक आपस में कुर्सियों के लिये लड़ते रहे।

श्री राम अवधेश सिंह (बिहार) : वह जनता का स्वर्णिम काल था। उस ढाई वर्ष में कीमतें तय हुई थीं। जनता समझती थी कि हमारे लिए अब सब चीजें मिल रही हैं। तीस साल तक जनता समझती रही थी कि जंगल का राज है। (व्यवधान)

श्री कल्पनाथ राय इन ढाई-तीन वर्ष के समय में जनता सरकार में सभी पार्टियां थीं—लोक दल थी, जनता पार्टी थी और दूसरी पार्टियां थीं। हिन्दुस्तान की, कांग्रेस को छोड़कर, सारी राजनीतिक पार्टियां मिल कर जनता पार्टी बनी थी। इन ढाई वर्ष में यह जनता पार्टी अपनी पंचवर्षीय योजना भी नहीं बना सकी। कुछ नेता कहते थे कि हमारा योजनाओं में विश्वास नहीं है। कुछ कहते थे कि प्राइवेट सेक्टर शुड आकापाई द कमांडिंग हाईट आफ द इकोनोमी। कुछ कहते थे कि पब्लिक सेक्टर शुड आकापाई द कमांडिंग हाईट आफ द इकोनोमी। इसी बात पर तीन वर्ष तक, ढाई वर्ष तक लगातार आपस में लड़ते रहे और अपनी योजना का मस्विदा भी तैयार नहीं कर सके। देश की अर्थ-व्यवस्था चरमरा कर टूट गयी। देश में विकास के नाम पर एक परसेंट भी काम नहीं हुआ। देश का सोना बेच दिया, मुल्क को नीलाम कर दिया। देश की सारी अर्थ व्यवस्था को चौपट कर दिया। सन् 1977 में जब इन्दिरा गांधी ने सत्ता को छोड़ा तो उस समय हिन्दुस्तान में 30 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा था। सन् 1977 से 1980 के बीच में एक हजार मेगावाट भी बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ा। सन् 1980 में जब दुबारा से इन्दिरा गांधी सत्ता में आयीं तो 1985 तक 30 हजार मेगावाट से बढ़ाकर 45 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन किया। हमने 7वीं, 8वीं योजना में 22 हजार मेगावाट बिजली का अतिरिक्त पैदा करने की योजना बनाई है। विकास की बुनियाद है बिजली। विकास की बुनियाद है ऊर्जा। मैं जानना चाहता हूं कि जनता पार्टी के राज में क्या एक हजार भी मेगावाट बिजली का उत्पादन बढ़ ? जनता पार्टी ने कौन सी योजना बनायी ?

श्री राम अवधेश सिंह इमरजेंसी ने सब कुछ खत्म कर दिया था (व्यवधान)

श्री कल्पनाथ राय जनता पार्टी ने कौन सा काम किया ? इन्दिरा गांधी

के जमाने मे जो बफर स्टाक थ, जो गल्ले का उत्पादन थ, उसे खुले आम जनता पार्टी ने अपने टाइम पर बांटना शुरू कर दिया थ । जो सोने का स्टाक था उस सोने की नीलामी करना शुरू कर दिया थ । (व्यवधान)

श्री राम अवधेश सिंह : खजाने का सोना नही थ । जब्त किया हुआ सोना थ । (व्यवधान) आप गलत बात मत कहिए । जब्त किया हुआ सोना नीलाम किया था । (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आप बैठ जाइये । जब आपकी पार्टी का नम्बर आयेगा तब बोलियेगा । (व्यवधान)

श्री राम अवधेश सिंह : जो सोना जब्त किया था उसे बेचा था और उसने बाजार के चीजों के दाम तय किये थे। जनता के लिए यह स्वर्णिम काल आया था । (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आपकी पार्टी को मौका मिलेगा तब बोलियेगा ।

श्री कल्पनाथ राय : बड़ी बदकिस्मत की बात होगी अगर जनता पार्टी के लोग यह कहें कि उस समय का ढ़ाई तीन वर्ष का समय हिन्दुस्तान की जनता के लिए स्वर्णिम काल था । जनता के सामने कहोगे तो जनता मार कर निकाल देगी । (व्यवधान) एक काम जनता सरकार ने किया था कि जो स्मगलर्स थे, जो होर्डर्स थे, जो ब्लैक मार्किटियर्स थे, जो समाज के दुश्मन थे और जिनको 76 मे इन्दिरा गांधी के समय मे जेलो मे गिरफ्तार किया गया था उन सब को छोड़ दिया। ढोलकिया को छोड दिया, सारे देशद्रोहियों को आपने जेल मे छोड दिया । (व्यवधान) आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हाजी मस्तान को छोड़ने, ढोलकिया को छोडने और स्मगलर्स को छोड़ने का काम जनता पार्टी की सरकार ने किया । यही जनता पार्टी की सरकार की उपलब्धि रही है । समाज के दुश्मनो और देश के दुश्मनों को छोडने का काम जनता पार्टी की सरकार ने किया है ।

आखिरी बात मे यह कहना चाहता हूं कि हमारे देश की और विश्व की नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कहा था --

India once did not join the industrial revolution. It was the reason for the slavery of India. If India will not join the technological revolution, India cannot protect its freedom.

एक बार हिन्दुस्तान ने औद्योगिक क्रांति मे भाग नही लिया तो लंकाशायर के कारखानो ने हिन्दुस्तान की सारी सम्पत्ति को लूट लिया, लेकिन, अब अगर हिन्दुस्तान ने साइंस और टेक्नोलौजी की क्रांति मे भाग नही लिया तो हिन्दुस्तान कही का भी नही रहेगा । इसलिए हमारे नेता, देश के नेता श्री राजीव गांधी ने तकनीकी और टेक्नोलौजिकल क्रांति का नारा दिया है । साइंस, तकनीकी और टेक्नोलोजी के माध्यम से देश की गरीबी हटाने की बात उन्होने कही है । टेक्नोलौजी के माध्यम से उन्होने देश से गरीबी हटाने का संकल्प लिया है । साइंस और टेक्नोलौजी का इस्तेमाल करके हम ग्रामीण क्षेत्रो से गरीबी को हटा सकते है । लेकिन मैं यह कहना चाहता हू कि पहली पचवर्षीय योजना से लेकर सातवी, आठवी और नवी पचवर्षीय योजना तक गरीबी हटाने के लिए आज सबसे अधिक जिस चीज की जरूरत है वह है भारत मे जनसंख्या पर नियंत्रण होना चाहिए । मेरा यह आग्रह है कि जनसंख्या नियंत्रण के सवाल पर हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री हिन्दुस्तान के सभी राजनैतिक दलो को बुलाकर एक राष्ट्रीय मतैक्य स्थापित करें। भारत के दूरदर्शन और रेडियो के माध्यम से सभी राजनैतिक दलो को, विरोधी दलों के नेताओं को, कांग्रेस पार्टी के लोगों को आम जनता को यह बताना चाहिए कि अब हमारे मुल्क में जनसंख्या पर नियंत्रण किये बिना कोई विकास नही हो सकता है, जनसंख्या पर नियंत्रण किये बिना हम इस देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत नही बना सकते है । जनसंख्या के बढते हुए राक्षस ने विकास के शिशु को दबोच लिया है, इस तथ्य

[श्री कल्पनाथ राय]

को लोगों को बताया जाना चाहिए। इसलिए भारत को विकास के मार्ग पर ले जाने के लिए मैं सरकार से विनम्र निवेदन करते हुए ये कहना चाहूंगा कि जनसंख्या पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए ठोस और दीर्घकालीन कदम अविलम्ब उठाये जाने चाहिए। इन शब्दों के साथ मैं इस विनियोग विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री कैलाश पति मिश्र (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे भरोसा है कि आप समय के बारे में हमारे ऊपर कुछ कृपा करेंगे।

वित्त राज्य मंत्री अनुपूरक विधेयक लेकर सदन में आए है और उन्होंने हवाला दिया है कि हमारे देश में जो सूखा और बाढ़ आई है उसको ध्यान में रखकर खर्चों की राशि बढ़ाई जा रही है। कई बार भारत सरकार के इकनोमिक सेंसस की भी चर्चा की गई है। कुछ इकनोमिक सेंसस ऐसे दिखाई देते है, जैसे कि जो संपदीय कमेटियां अपने काम के लिए इधर-उधर घूमा करती थी उन पर रोक लगा दी गई है। लेकिन मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि किस इकनोमिक सेंसर के अन्दर यह उदाहरण बैठता है? चालीस वर्षों में एक भी ऐसा उदाहरण खोजने को नहीं मिलेगा कि भारत सरकार के कैबिनेट की मीटिंग दिल्ली से बाहर हुई हो। आज जब देश में सूखे और बाढ़ के कारण तबाही हो रही है, केबिनेट की मीटिंग सरिस्का अभयारण्य में बुलाई जा रही है। समाचार-पत्रों के माध्यम से पता चला है कि सरिस्का अभयारण्य में बुलाई जा रही है। समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला है कि सरिस्का अभयारण्य में बिस्कुट कहीं बाहर से ले जाये जा रहे है, जापान से, कालीने बाहर से आ रही है, किसी दूसरे देश से फर्नीचर मंगाया जा रहा है। मैं राज्य मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि इस केबिनेट की मीटिंग के पीछे कितनी राशि खर्च हुई है? मेरा आरोप है कि पचासों करोड़ रुपये की राशि एक मीटिंग के अंदर खर्च हुई है। महोदय, मैं एक दूसरा उदाहरण देना चाहता हूं। इसी भारत के अंदर पंडित जवाहरलाल नेहरू... (**व्यवधान**)... पचासों करोड़ रुपया खर्चा हुआ है यह मैं जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि पचासों करोड़ रुपये की फिजूलखर्ची की गई।

महोदय, इसी देश में स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू प्रधान मंत्री हुए, स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जो प्रधान मंत्री हुए, स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी प्रधान मंत्री हुई है। महोदय, इनमें से किसी को भारत में चलने वाले हवाई जहाजों में कोई असुविधा का कारण नहीं दिखाई दिया और देश के अंदर जिस प्रकार के हवाई जहाज थे भारत के ये प्रधान मंत्री उसी से यात्रा करते थे। मैं चाहूंगा कि राज्य वित्त मंत्री इसको कंट्राडिक्ट करें कि आज के नौजवान प्रधानमंत्री जो आयु में सबसे कम हैं, श्रीमती इंदिरा गांधी, श्री लाल बहादुर शास्त्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू और बीच में कुछ दिनों के लिये गुलजारीलाल नन्दा और मोरारजी देसाई आये. किसी भी प्रधान मंत्री से आयु में कम है और वे कम से कम बूढ़े अथवा बीमार और रोगी नहीं दिखाई देते, वे नौजवान प्रधानमंत्री है लेकिन वे देश के अंदर जो प्रचलित हवाई जहाज है उसमें वे यात्रा नहीं कर सकते है। हवाई जहाज में सोने के लिये अलग व्यवस्था, उसके लिए अलग सामान और इस तरह से कई हवाई जहाजों को रखकर उन्होंने एविएशन का 5 करोड़ रुपये बरबाद किया है।

श्री कल्पनाथ राय : क्या असत्य है।

श्री कैलाश पति मिश्र : बिल्कुल सच है मैं यह पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं।

श्री कल्पनाथ राय : यह असत्य है। सोने की व्यवस्था नहीं है।

श्री राम अवधेश सिंह : इसकी जांच कराने के लिये एक कमेटी बनाई जाये।... (**व्यवधान**)

श्री कल्पनाथ राय : यह सच नहीं है, ये एकदम असत्य बात बोल रहे है असत्य बात बोलने का अधिकार इनको नहीं मिलना चाहिए।

श्री राम अवधेश सिंह : पार्लियामेंट की कमेटी गठित की जाय जो इसकी जांच करे ।

श्री कैलाश पति मिश्र : महोदय, एकानामिक चार्जर्स जो उठाये जा रहे है उसके सबंध मे मै कहना चाहता हू कि कुछ साल पहले देश के महान अर्थशास्त्री राजा चलैया की अध्यक्षता मे कालेधन की खोज करने के लिये एक कमेटी बनाई गई थी । एक साल हो गया अनुसशा प्रस्तुत किये हुए और इसमें कई बिन्दु उठाये गये है कि इस बारे मे सरकार को ये कदम उठाने चाहिए । 30 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा भारत के नागरिको का धन विदेशी बैको मे जमा पडा हुआ है । मै मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि आपने एक साल के अदर उस कालेधन को निकालने के सबंध मे कौन से कदम उठाये है ?

श्री कल्पनाथ राय : जनता सरकार ने क्या कदम उठाये थे ... (**व्यवधान**) .. जनता सरकार ने तीन वर्षो मे क्या किया ... (**व्यवधान**) ...

श्री राम अवधेश सिंह : एक हजार, पांच हजार, दस हजार के नोटो को बंद करके ब्लैक मनी को जूतों के तले रौद दिया।... (**व्यवधान**) ...

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आप बैठ जाइये ।

श्री कैलाश पति मिश्र : महोदय एक वर्ष से ज्यादा हो गया राजा चलैया कमेटी की रिपोर्ट को प्रस्तुत हुए लेकिन सरकार द्वारा इस संबध मे अभी तक कोई भी कदम नही उठाया गया है । कालेधन को निकालने के लिये कोई कदम नही उठाया गया । महोदय फेयर फैक्स पर जो ठक्कर-नटराजन कमीशन सरकार द्वारा बिठाया गया था उसकी रिपोर्ट देखने से साफ लगता है कि भूतपूर्व वित्त मत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिह को गाली देने के लिये यह कमीशन बिठाया गया। आप उसमे आरोप लगा रहे है कि उस संस्था के चेयरमैन हर्षमैन कभी सी आई० ए ...

श्री कल्पनाथ राय : एजेन्ट थे ।

श्री कैलाश पति मिश्र : ...एजेन्ट नही थे उसके कार्यकर्त्ता थे इसके वर्कर थे अध्यक्ष थे आपको इसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए । ... (**व्यवधान**) ... लेकिन मैं जानना चाहता हू कि हमारे प्रधान मंत्री नौजवान श्रीमन् राजीव गाधी पंजाब के अन्दर पेप्सी कोला की फैक्टरी बैठाने का निमत्रण दिया । ... (**व्यवधान**) ...वे कौन है ?

श्री कल्पनाथ राय : कहां बैठाये है ? परमिशन नही मिल रही है । उसको कैंसिल कर दिया है । क्या कह रहे है आप ? ऐसी अनर्गल बात कर रहे है जिसका कोई आधार नहीं है । कह रहे है पेप्सी कोला की इंडस्ट्री पंजाब में लगाई है। उसको इंडस्ट्री मिनिस्ट्री ने परमिशन ही नही दिया (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आप उनको बोलने दीजिए ।

श्री कैलाश पति मिश्र : उसके चेयरमैन एक महीने पहले इसी दिल्ली में रहे है । इनका नाम डा केंडाल, यह निक्सन के मित्र है । दिल्ली के अन्दर जब वाम पंथी सरकार बन गई और इनको लगने लगा कि इनका बिजनेस अब डावाडोल है तो सी आई०ए के लोगो मे मिल कर के वहां के राष्ट्रपति की हत्या भी केंडाल ने करवाई । केंडाल कैसे भारत मे आए ? कैसे उसके साथ साठगाठ शुरू हुई ? (**व्यवधान**) आप फेअरफैक्स की बात कर रहे है । मुझे समाचार पत्र देखकर के आश्चर्य हुआ । आप फेअरफेक्स के बारे मे कहना चाहते है । उसकी कार्यवाही क रोक कर जो 30 हजार करोड़ से अधिक राशि विदेशी बैको में भारतीय लोगो की जमा है उसको निकालने के लिए आपने कौन मे कदम उठाये है ? कितने रुपये खींचे है कितने रुपये आपने उसमे से प्राप्त किये है ? यह आप बताइये कि एक रुपया भी आपने विदेशी बैकों में जो जमा था उसको वापिस भारत मे लाने की कोशिश की है । आज मै अखबार पढ रहा था जिस में छप है कि–

'Ajitabh is co-operating with Government'

मुझे लगता है कि यह समाचार छापने में कुछ कनफ्यूजन हो गया है । समाचार यह होना चाहिये था–

Government is 'co-operating with the Ajitabh'

[श्री कैलाश पति मिश्र]

तीन हफ्ते के अन्दर इंडियन एक्सप्रेस बिल्डिंग पर छापा मारा और 46 मुकदमे आपने दायर किये, फेरा का उल्लंघन करने वाले अजिताभ बच्चन ने जो विदेश में महल खड़ा किया है उसके ऊपर आपने कौन सा मुकदमा दायर किया है। इसी राज्य सभा मे एक प्रश्न आया है हमारे मित्र श्री शकर सिह वाघेला और प्रमोद महाजन जी ने प्रश्न किया कि क्या सरकार को टाइम्स आफ इंडिया के प्रकाशक मैसर्ज बैनेट कोलमैन एड कंपनी के श्री अशोक जैन द्वारा 50 हजार डालर से अधि. धनराशि को नेशनल वेस्ट-मिनिस्टर बैंक यू के के माध्यम से स्विटजरलैंड स्थित एक बैंक मे स्थानान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में 29 मई 1987 के स्टेट्समैन में प्रकाशित एक टैलेक्स संदेश की जानकारी है ? उत्तर दिया जा रहा है इस समय इस बारे में बताना जनहित मे नही होगा। यह भारत सरकार का उत्तर है। यह प्रश्न किस दिन आया है, यह प्रश्न 8 दिसम्बर, 1987 को आया। यह खबर भारत के अखबारो मे पहले छपी जिसमे दिया हुआ है। मई, 1983 मे इसकी जानकारी प्रकाशित हो गई। इतने दिनो मे भारत सरकार की इसकी जानकारी नही मिली है। हम आज देश की जनता के साथ कौन से खेल खेल रहे है। बोफर्स के द्वारा कमीशन लिया गया सैकड़ों करोड़ का कमी लिया गया, 200 करोड़ से ज्यादा है। (**व्यवधान**) आज सरकार अजिताभ को बचा रही है, जो अशोक कुमार जैन विदेशी बैंको मे राशि जमा करा रहा है उसको बचा रही है। वह सरकार बोफोर्स कम्पनी से लिये गये सैकड़ो करोड़ रुपये के कमीशन को किसी कीमत पर उजागर नही करेगी। इसमें तो लीपापोती करने के लिये कदम उठाये जा रहे है। महोदय, सरकार कैसे काम कर रही है ...(**समय की घंटी**) अभी बिहार के इंटरमीडियेट कालेजेज के शिक्षक पहा लगभग एक महीने से धरने पर बैठे हुये है। भारत सरकार के शिक्षा विभाग ने 10 प्लस 2 प्लस 3 की शिक्षा की नीति बनाकर देश भर क आदेश दिया कि यह लागू करो। बिहार सरकार ने 1980 मे एक कदम उठाया, 10 प्लस 2 के अनुसार इंटरमीडिएट कालेजो को बाकी के कालेजो से अलग किया, एक अध्यादेश 1980 में निकाला फिर एक 1983 मे निकाला, फिर 1985 मे निकाला और फिर उसके बाद 1987 में निकाला। इस बीच मे क्या हुआ ? 600 इंटरमीडिएट कालेजेज बिहार मे खड़े हुये हैं, सरकार ने उसमें से 205 को मान्यता दे दी है। मान्यता तो दे दी लेकिन बिहार में एक अनोखी मान्यता की प्रणाली चल गयी है, 300 डिग्री कालेजों को मान्यता दी गयी है, 205 इंटरमीडिएट कालेजो को मान्यता दी गयी है और मान्यता देते समय कहा गया है कि यह वित्त रहित मान्यता है। शायद यह सदन समझ नही पायेगा कि वित्त रहित मान्यता क्या है ? एफीलियशन दे दिया बिदआउट फाइनेशियल एड। परिणाम यह हो रहा है कि 80 हजार शिक्षक और शिक्षेत्तर कर्मचारी इन महाविद्यालयों मे काम करते हुये भूखो मर रहे है, भीख मागते हुये दिखाई पड़ रहे है। केन्द्रीय सरकार के राज्य शिक्षा मंत्री महोदय के पास प्रतिनिधि जाते है तो वे कहती है कि हमने रुपया बिहार सरकार को भेज दिया है। बिहार के शिक्षा मंत्री से जब शिक्षक जाकर मिलते हैं तो वे कहते है कि हमको तो केन्द्र से इसके लिये रुपया नहीं आया है, केवल नीति का निर्देशन केन्द्र सरकार ने कर दिया है ? लेकिन हमको इसके लिये राशि नही आ रही है। महोदय, परिणाम यह हो रहा है कि इंटरमीडिएट कालेजो के टीचरो की अभी तक न पोस्टस क्रीएट हो रही है न सेक्शन हो रही है, न कर्मचारियों का वेतनमान बन रहा है, न कैटेगरी बन रही है, न वेतनमानो का निर्धारण हो रहा है, इतना बड़ा कि आस इस सरकार के अन्तर्गत चलता है। आप नयी शिक्षा नीति की और हर जिले में एक नवोदय विद्यालय की घोषणा कर देते है लेकिन जहा 80 हजार शिक्षक और शिक्षेत्तर कर्मचारी है जरा कल्पना करिये कि उसमे पढ़ने वाले छात्र कितने त्रस्त होगे। तीन लाख से ऊपर है, उनके भाग्य पर पानी फिर रहा है, उनके भविष्य के सामने सब प्रकार अंधेरा दिखाई पड रहा है। यहा शिक्षा विभाग मे कोई नही है मै राज्य वित्त मंत्री जी जी को कहना चाहूगा कि जरा शिक्षा विभाग को आप खबर दीजिये कि बिहार के इंटरमीडिएट कालेजो का क्या हो रहा है। बिहार के उन डिग्री कालेजो का क्या हो रहा है जिनको वित्त

रहित मान्यता मिली हुई है, सरकारी कोष से एक पैसे की सहायता नही हो रही है। आप राहत और सहायता की बात कर रहे हैं . . . ।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : अब आगे नही, आपके 16 मिनट हो गये है।

श्री कैलाश पति मिश्र : सिर्फ दो मिनट । 1760 करोड़ 49 लाख का अनुपूरक विधेयक लेकर आप आये है और अखबारो के माध्यम से पता लगा कि जो बिहार बाढ़ से पूरी तरह बरबाद हो गया है, माज उसे 86 करोड़ रुपये की सहायता देने की घोषणा की गयी है और जो राशि अभी तक गयी नही है। आपको शायद पता नही है कि हेलीकाप्टर ले जा रहे है, हेलीकाप्टर से सर्वेक्षण कर रहे है और डूबते हुये मरते हुये लोगों के दर्शन कर रहे है । इससे अभी तक बिहार सरकार के हाथ से 105 करोड खर्च हुये है इतनी बड़ी बरबादी है । जिस बिहार सरकार ने 740 करोड की मांग की और यह कहकर माग की कि यह 740 करोड़ अगर नहीं दिया गया तो प्रति व्यक्ति आय में सब राज्यों से नीचे पिछड हुआ बिहार इतना पीछे चला जायेगा कि 10 वर्षो तक फिर उठ नही सकता है । आप इस विषय मे क्या कर रहे है . . . (व्यवधान) आप टैक्स बढा रहे है । ऐसी चीजों के ऊपर टैक्स बढ़ा रहे है, विचार नही कर रहे है कि देश में . . .

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : अब आगे नही । आपके 17 मिनट हो गये है ।

श्री कैलाश पति मिश्र : महाराष्ट्र से एक खबर छपी है कि हाथ से बनने वाले सूत पर भी एक्साइज ड्यूटी लगा दी है और इससे लाखो हथकरघे बन्द हो गये है। सरकार ये गलत कदम उठा रही है। सरकार को देश दिखाई नही पड रहा है। इन्ही शब्दो के साथ मै अपना भाषण समाप्त कर रहा हूं।

DR. H. P. SHARMA (Rajasthan): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to support the Supplementary Demands for Grants presented before the House. We can well understand and appreciate the pressures and compulsions which have forced the Government to come before this House with these Supplementary Demands for Grants. The country is reeling under a kind of famine and drought, the like of which this country has not witnessed for the past hundred years, and it is well in the logic of things that in the Supplementary Demands, most of the money is being allotted for fighting the drought. Even the 300 crore which is being provided for fertiliser subsidy is also going to the welfare of the farmer.

One point which I would like to bring before this House is that the drought has completely changed its character which we must understand. Up till now, drought meant there was a failure of monsoon, there was scarcity of surface water and either sowing could not be done at the proper time, or the crops withered away due to scarcity of surface water. But now what I wish to draw your attention to is that the drought has acquired a totally alarming and sinister connotation—that is depletion of the sub-soil water. This is a very major problem and I think we would need to think of it, not on party lines or any other lines, but keeping our national prespective in view.

Before this, in the last 20 years, only 99 districts in 13 States had been catalogued as the drought-prone areas. But this year no less than 260 districts have come under the attack of drought.

Drought can be fought on two fronts. One is short-term strategy which is more in the nature of a fire-fighting exercise, or an exercise in crisis management. But essentially the fight would have to be carried

[Dr. H P. Sharma]

on a long-term basis. In the long-term basis also, there are two parts One is the exotic side of it, that we should be able to harness the sun power, the wind power, tidal power and be able to forecast with the aid of super-computers the coming of the monsoon and its strength But essentially what now appears to me to be the real pragmatic approach would be that we would require massive artificial ground-water re-charging. This is something we will have to think about. We will have to go through it. We will have to change our thinking about it For this ground water, re-charging, construction of percolation thanks, inverted wells sub-surface dykes would have to be undertaken This is why I have tried to say that we will have to think very deeply about it. I know that those measures will have to be taken in a normal year with a normal rainfall. When in a normal year, you start putting in inverted wells, and not the wells which we are used to seeing, for re-charging the sub-soil water, we can very well visualise the amount of noise or criticism that would be waged in the media, or in this House, or even by our own partymen, "look, why don't you dig more tube-wells rather than go on investing money on these inverted wells? That is why I said that we will have to go through a change in our thinking. All this knowledge would have to be carried to the farmer by the only agency available—the extension agency. Anything that is accomplished in our labs by our scientists should be carried to the farmer. And the agency for this is the extension agency. Now that is the weakest part of our strategy. I wish to point out to the Minister sitting here that unless you strengthen the extension agencies, all the fruits of our research in the laboratory will not go to the rarmers and they will not benefit at all.

Another point, just in passing, I would like to make is that even if we have normal rainfall next year, industrial production is likely to go down. That has been our experience even in the past. In 1965-66, a drought year, when there was a drop of industrial development, it was 0.4 per cent. But the next year, when there was normal rainfall, the drop in industrial production went down to 1.3. That shows that even if we have normal rainfall next year, we should be prepared Some economists have calculated that the drop can go from 1.8 to 3.5 per cent in the next year if we have normal rainfall.

One point which has been talked about in the country and in this House over and over again is that the public sector has, somehow, failed It was supposed to occupy a place of pride in resource mobilization and somehow it has failed to do that. The major reason has been the delay in implementation and the resultant cost escalation in the prices of these projects. There was a review of 100 projects in the energy and transport sectors. There couldn't be any thing more important than energy and transport sectors For the 100 projects the original estimate was Rs. 12,800 crores but, by the time we complete them they are likely to cost Rs. 21,000 crores, which means an escalation of some 60 per cent. Another study which took out 162 projects out of 290 public sector projects shows that the original cost was Rs. 27,500-odd crores, and by the time we come to finish them they would be costing us Rs. 47,000 crores, which means a cost escalation of 73 per cent. Here we do not depend on foreign countries for aid or grants. Here is something which is purely a matter of our own management, and somehow this country and our Administration should rise to the challenge and try to complete these projects within the stipulated time.

We have the Ministry of Programme Implementation. In some senses, I think, the Ministry of Programme Implementation should be the Number One Ministry-because the Ministry is supposed to take

care that all these projects will be implemented within time and within cost. Yet, the Ministry of Programme Implementation is more of a cataloguing Ministry It brings out a catalogue and says, here these are the original costs and these are likely to be the costs at the end. I really feel pity, but I must compliment them that they are very candid and honest about it. I will give just a couple of examples that I have got with me from the Ministry of Programme Implementation. Take the Calcutta underground railway. The original cost was supposed to be Rs. 140 crores and the revised cost is likely to be Rs 835 crores. There can be a marginal rise, there can be a little more than that. But when the jump is from Rs 140 crores to Rs. 835 crores, that is a cause of concern and we should do some rethinking about it. Again, take the Narora atomic power project, which is something very vital in our priorities. Its original cost was supposed to be Rs. 210 crores, but by the time we finish it would be Rs 552 crores. The original date of its commissioning was December 1983 and now it is supposed to be June 1989. So it will be six years later and with a cost escalation of 150 per cent. As I submitted earlier, we should do some rethinking and heart searching. Sir, about this I would suggest that the Ministry should be brought under the direct purview of the Prime Minister. I do not know if it is in my province here in the House to suggest this The Prime Minister of course, does his own formation of Ministries. But I would suggest and request that a Ministry as important as this, which can really pull us out of the mud of economic slump, should have somebody with the authority of Prime Minister and then alone it will be able to deliver the goods. I would like just to rush through a couple of points, and I will be done.

